साप्ताहिक
सूचना पत्र



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



साप्ताहिक सूचना पत्र

संजिवनी प्रोजेक्ट

(दिनांक 24.5.21)

विषय: संजिवनी प्रोजेक्ट की शुरूआत।

प्रभाव: आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा करनाल से संजिवनी प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई। कोरोना महामारी के दौरान इस प्रोजेक्ट के माध्यम से गाँवों तक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाएगा और सभी आवश्यक सुविधाओं को हरियाणा में हर एक गाँव तक पहुँचाया जाएगा :–

- PHC व CHC स्तर पर ऑक्सीजन बेड की सुविधा।
- होम आइसोलेशन किट का वितरण।
- गाँव के हर घर के हर व्यक्ति की कोरोना जाँच।
- गाँव में ही कोरोना के लिए आइसोलेशन सेंटर बनाना शामिल है।

कान्ट्रैक्टर्स रजिस्ट्रेशन पोर्टल

(दिनांक 24.5.21)

विषय: कान्ट्रैक्टर्स रजिस्ट्रेशन पोर्टल का शुभारंभ।

प्रभाव: पारदर्शी प्रशासन की अपनी नीति को आगे बढ़ाते हुए आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा हरियाणा में सरकार के साथ काम करने वाले सभी ठेकेदारों के लिए एक online registration portal की शुरूआत की गई है। जिसके तहत हरियाणा सरकार के साथ काम करने वाले सभी ठेकेदारों को इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है इससे:–

- वर्तमान व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी।

- कार्यों का और ठेकेदारों का मूल्यांकन हो सकेगा।
- समस्त सरकारी कार्यों की लागत में कमी आएगी।
- कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होगा।
- ठेकेदारों को उनके काम का समय पर भुगतान हो सकेगा।



साप्ताहिक सूचना पत्र

हरियाणा राज्य मार्केटिंग बोर्ड की बैठक

(दिनांक 26.5.21)

विषय: हरियाणा राज्य मार्केटिंग बोर्ड की बैठक।

प्रभाव: आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मार्केटिंग बोर्ड के साथ एक समीक्षा बैठक की गई जिसके तहत निम्न निर्णय लिए गए:–

- मार्केटिंग बोर्ड की दुकानों को ओपन बोली के आधार पर दिया जाएगा।
- आढ़तियों से दुकानों की बकाया राशि वसूलने के लिए उन्हें बैंक से लोन लेने अथवा दुकान सरेंडर कर पुनः बोली में भाग लेने का विकल्प दिया जाएगा।
- मंडियों में चलने वाली अटल किसान कैंटीन को फसल खरीद के 15 दिन पहले से ही शुरू किया जाएगा।
- मार्केटिंग बोर्ड की दुकानों की नीलामी में अस्थाई लाइसेंस धारकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

कोरोना योजनाओं की समीक्षा बैठक

(दिनांक 26.5.21)



विषय: कोरोना के लिए लागू की गई योजनाओं की समीक्षा बैठक।

निर्णय: आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कोरोना के संबंध में लागू की गई विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें निम्न निर्णय लिए गए :–

- होम आइसोलेशन के लिए दिए जाने वाले 5000 रूपये 7700 बी.पी.एल के मरीजों को सीधे transfer लिए जाएँगे।
- 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता कोरोना से जान गवाने वाले परिवारों को दी जानी है उसे शीघ्र ही उनके खातों में ट्रांसफर किया जाएगा।
- बी.पी.एल परिवार जो आयुष्मान भारत के तहत नहीं आते हैं उनके इलाज का पूरा खर्चा हरियाणा राज्य सरकार उठाएगी।
- इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कोरोना के कारण अपने माता–पिता को खो चुके बच्चों के लिए भी आर्थिक मदद देने और योजना बनाने का निर्देश दिया गया।



साप्ताहिक सूचना पत्र

खेलो इंडिया कार्यक्रम

(दिनांक 26.5.2021)

विषय: खेलो इंडिया कार्यक्रम के संबंध में।

निर्णय: आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा 2021 में हरियाणा मे होने जा रहे आयोजन के संबंध में बैठक ली गई और उसके कार्यों की समीक्षा की गई जिसमें निम्न निर्णय लिए गए :–

- कोरोना को देखते हुए खेलों इंडिया के शुभारंभ कार्यक्रम को छोटा रखा जाएगा।
- खेलो इंडिया आयोजन के लिए चल रहे सभी निर्माण कार्यों को अगस्त 2021 तक पूरा कर लिया जाएगा।
- खेलो इंडिया आयोजन की निगरानी और कार्यन्वयन के लिए प्रधान सचिव स्तर के अधिकारी को CEO नियुक्त किया जाएगा।
- हर माह एक समीक्षा बैठक माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता मेकं करने का निर्णय भी लिया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने खेलो इंडिया के हरियाणा में हो रहे आयोजन को लेकर खुशी व्यक्त की और कहा कि सरकार इस आयोजन में कोई कमी नहीं छोड़ेगी और यह अब तक हुए सभी खेलो इंडिया के आयोजनों में सबसे बेहतर होगा।

PSA प्लांट का उद्घाटन

(दिनांक 28.5.21)

विषय: मारूती द्वारा लगाए गए PSA प्लांट का उद्घाटन।

निर्णय: कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए हरियाणा सरकार ने ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिष्चित करने के लिए मारूती के साथ मिलकर 4 ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट का निर्माण किया जिन्हें गुरूग्राम के Civil Hospital तथा अन्य जगह लगाया गया है।

- यह प्लांट मारूती कम्पनी ने अपने CSR Fund के तहत उपलब्ध करवाए हैं।
- इन प्लांट के लगने से भविष्य में भी अस्पतालों को ऑक्सीजन की को कोई कमी नहीं होगी।